**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.07.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ मुलाकात कर द्वीपों के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह–निसार अंतरिक्ष में भेजेगा।
- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, दक्षिण अंडमान जिले में स्वास्थ्य जागरूकता–सह–जांच शिविरों के आयोजन किए जा रहे है।
- रंगत शैक्षिक अंचल क्षेत्र में चार दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने भारतीय पुलिस सेवा के अट्ठाईस परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल ने रणनीतिक लक्ष्य के साथ संतुलित विकास और द्वीपों के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। पर्यटन और सांस्कृतिक संरक्षण पर बात करते हुए द्वीपों में पर्यटन को विस्तारित करने की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया, जिसका उद्देश्य रोजगार के अवसर पैदा करना और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। इसके अलावा, परिवीक्षाधीन अधिकारियों के बैच का एक व्यापक अवलोकन भी प्रस्तुत किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह–निसार अंतरिक्ष में भेजेगा। यह इसरो और अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी– नासा का संयुक्त मिशन है। इसमें नासा का एल–बैंड और इसरो का एस–बैंड राडार लगा है। आंध्र प्रदेश में श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से जी.एस.एल.वी.–एफ16 रॉकेट से शाम पांच बजकर चालीस मिनट पर यह प्रक्षेपण होगा। इस मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बारह दिन पर पूरी पृथ्वी और इसकी आंतरिक हलचलों का बारीकी से निरीक्षण करना है। इससे जलवायु परिवर्तन, अनुसंधान और आपदा कार्रवाई के लिए उच्च गुणवत्ता के स्पष्ट चित्र और डेटा उपलब्ध होंगे। यह प्रणालीबद्ध रूप से धरती की सतह और उसके नीचे की मैपिंग करेगा तथा पृथ्वी की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह धरती और हिमखंडों में हो रहे बदलावों का भी अध्ययन करेगा।

<><><><><><><>

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल हिंदी और इक्कीस क्षेत्रीय भाषाओं में संचार साथी मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। जनवरी में शुरू किया गया यह ऐप उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध संचार की सूचना देने, खोए या चोरी हुए फ़ोन को ब्लॉक या ट्रेस करने और अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन की जाँच करने की सुविधा देता है।

<><><><><><><>

जी बी पंत अस्पताल में कल सफाई कर्मचारियों के लिए संक्रमण नियंत्रण और रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा अधिकारी डॉ. साहा और अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अर्पिता साहा ने किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं के भीतर संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल, निगरानी तंत्र और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा उपाय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व ए एम आर के नोडल अधिकारी डॉ. शाहिना मुस्तकीम और कायाकल्प के नोडल अधिकारी डॉ. रोहित दास ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य के दिशा–निर्देशों के अनुसार किया।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के 'एक राष्ट्र एक चुनाव' कार्यक्रम के राज्य प्रभारी एम. विनोद और प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पहल पर आयोजित एक उच्च–स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' अवधारणा के कार्यान्वयन और जागरूकता के लिए रणनीतिक रोडमैप पर चर्चा की गई।

<><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने जिला स्वास्थ्य समिति, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, आई सी एम आर और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के समन्वय से, जिले के प्रमुख स्थानों पर सामान्य और फेफड़ों के स्वास्थ्य जागरूकता–सह–जांच शिविरों की एक श्रृंखला की शुरूआत की है। इन शिविरों का उद्देश्य क्षय रोग और फेफड़ों से संबंधित स्वास्थ्य के बारे में सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना, शुरुआती लक्षणों के लिए लोगों की जांच करना और नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। इस पहल के तहत आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता और आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड बनाना भी शामिल है। इस सिलसिले में जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम में शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान छाती का एक्स–रे, रक्तचाप और ब्लड शुगर की जाँच सहित सामान्य स्वास्थ्य जाँच भी की गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन परामर्शदाता डॉ. मिनिटा रेजी और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डेन्सी टोनी ने उपस्थिति को जागरूक किया। जिला प्रशासन जनता से आगामी स्क्रीनिंग शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

<><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से हाल ही में मध्य अंडमान के सबरी में चारा उत्पादन एवं प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ चारा उत्पादन पर जानकारी प्रदान कर पशुधन उत्पादकता को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सबरी पंचायत के वार्ड सदस्य ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलीना राजन ने किसानों को विभिन्न चारा फसलों, उनके महत्व और खेती एवं प्रबंधन के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पौष्टिक चारे की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मिट्टी की तैयारी, बीज चयन और सिंचाई तकनीकों पर भी चर्चा की गई।

<><><><><>

रंगत शैक्षिक अंचल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए चार दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सबरी जंक्शन में शुरू हुआ। शिक्षा निदेशालय की ओर से स्कूलों में शतरंज पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य संज्ञानात्मक कौशल के साथ शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सहायक आयुक्त विकास कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने शतरंज की बिसात पर पहला कदम रखकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को शतरंज में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रंगत के शारीरिक शिक्षा व खेल सहायक निदेशक वी. रंजीत कुमार ने बच्चों के मानसिक विकास पर शतरंज के सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया, जबकि उप–शिक्षा अधिकारी डॉ. शुशिम कुमार ने कहा कि शतरंज छात्रों के लिए करियर के अवसर भी प्रदान करता है।

<><><><><>

छियहत्तरवें वन महोत्सव मनाए जाने के सिलसिले में वन विस्तार एवं प्रचार प्रभाग की ओर से निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। लम्बा लाइन स्थित विवेकानंद केंद्र विद्यालय और आर जी टी स्कूल की ओर से भी वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने की इस पहल के तहत विभिन्न विद्यालय परिसरों में देशी पौधे लगाए गए।

<><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बैफल रेंज में भारतीय तटरक्षक इकाई की ओर से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास आज सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। सभी संबंधितों को अभ्यास के दौरान स्वयं को और अपने वाहन तथा मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। सूची कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर उपलब्ध है। चयनित उम्मीदवारों से संबंधित श्रेणी और ट्रेड के अनुसार निर्धारित तिथि में प्रवेश शुल्क जमा कर भुगतान रसीद की एक प्रति संस्थान के ईमेल या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने को कहा गया है। जिन उम्मीदवारों ने प्रवेश शुल्क का भुगतान कर दिया है, उन्हें अट्ठाईस से तीस अगस्त के बीच सत्यापन के लिए अपने संबंधित ट्रेड और संस्थान में मूल प्रमाणपत्रों के साथ रिपोर्ट करने को कहा गया है। प्रशिक्षण सत्र एक सितम्बर से शुरू होगा।

<><><><><><><>